तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सिकल सेल स्क्रीनिंग के बाद पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड दिया




10 भिलाई बनेगा मुक्केबाजी की नर्सरी, जल्द होगा छग ...



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल शामिल होंगे खाद्य मंत्री बघेल



**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली) में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम हेतु मुख्य अतिथियों की नामांकन किया गया है, जिसके अंतर्गत श्री बघेल को बेमेतरा जिले के कार्यक्रम के लिए नामांकित किया गया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कार्यक्रम की तैयारी के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे हैं। कार्यक्रम के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए सहायक नोडल अधिकारी के रूप में उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी एवं आयुर्वेद विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है।

### प्रधानपाठक कौशिक ने स्कूल में स्वयं के खर्च पर टाइल्स लगाया



**बेमेतरा।** साजा समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला सुवरतला प्रधान पाठक बसन्त कौशिक प्रधान की कामकाज को लेकर आमजनों एवं क्षेत्रवासियों में हर्षोल्लास का विषय बना हुआ है। प्रधान पाठक कौशिक ने स्वयं के व्यय से स्कूल को एक नया आयाम दे रहा है। इन्होंने खुद के लागत से शासकीय प्राथमिक शाला सुवरतला में टाइल्स लगवाने, सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न प्रकार की शिक्षण गतिविधि पेंटिंग का काम किया है। जिससे स्कूल का सौंदर्य आकर्षकमय हो गया है। बसंत कौशिक लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अनेकों प्रयास में लगे हुए हैं। सरकारी स्कूल का कायाकल्प करने का संकल्प इनके द्वारा लिया गया है। भविष्य में हर कक्षा में डिजिटल ब्लैक बोर्ड यानी टीवी प्रस्तावित हैं। जिसे आगामी वर्षों तक पूर्ण करने एवं कराने का लक्ष्य रखा गया है। शाला परिवार सुवरतला समेत क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानपाठक बसंत कौशिक को धन्यवाद प्रेषित किया जा है।

### नवागढ़ में संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी

**नवागढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर और जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के निर्देशन में नवागढ़ विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है। यह रैली दोपहर 12 बजे राजीव गांधी चौक से बस स्टैंड नवागढ़ तक निकाली जाएगी। रैली में पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्रकुमार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू, संबलपुर अध्यक्ष रामबिहारी राजपूत, नांदघाट अध्यक्ष सुशील साहू, कार्यकारी अध्यक्ष बेमेतरा नंद साहू एवं प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### चोरी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अपहृत 14 बालिकाओं को सुरक्षित घर पहुंचाने वाली आरक्षक अनुपमा को राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले की महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 14 अपहृत बालिकाओं को सुरक्षित तलाश कर परिजनों को सौंपने की त्वरित, प्रभावशाली और संवेदनशील कार्यवाही के लिए दिया गया, जिसे राज्य स्तर पर अनुकरणीय माना गया है। दुबे की इस कार्यकुशलता ने न केवल विभाग को गौरवान्वित किया, बल्कि यह दर्शाया कि बालिकाओं की सुरक्षा व पुनर्वास को लेकर पुलिस विभाग किस हद तक प्रतिबद्ध है।

**सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री की उपस्थिति :** मंगलवार को रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य समारोह में राज्यभर से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, बाल अधिकार कार्यकर्ताओं और आयोग के सदस्यों की उपस्थिति रही। **भविष्य की प्रेरणा :** महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे की यह उपलब्धि आने वाले समय में न केवल बेमेतरा जिले, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के महिला पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगी। बाल संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें अन्य मंचों पर भी सम्मानित करने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र, पुलिस महकमे में हर्ष का माहौल



**बेमेतरा पुलिस की सराहना :** अनुपमा दुबे की उपलब्धि पर बेमेतरा जिले के पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं डीएसपी संतोषी ग्रेस सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुपमा दुबे के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

### एक उदाहरण बनीं अनुपमा दुबे

अनुपमा दुबे का यह कार्य केवल पुलिसिया कर्तव्य तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने प्रत्येक बालिका की व्यक्तिगत परिस्थिति को समझते हुए मानवीय संवेदनशीलता के साथ कार्य किया। बच्चों को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में उन्होंने मनोवैज्ञानिक और सामाजिक दृष्टिकोण का भी समुचित ध्यान रखा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने इस कार्य को मॉडल केस मानते हुए अन्य थाना क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की त्वरित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की योजना बनाई है।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए किसानों को प्रेरित किया

# राज्यपाल ने किया पौधारोपण और ग्राम टेमरी के विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय दौरे पर बेमेतरा पहुँचे। उन्होंने सर्किट हाउस परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत मोलश्री का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

राज्यपाल श्री डेका ने सर्किट हाउस स्थित सभाकक्ष में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवागढ़ विकासखंड के गोद लिए ग्राम टेमरी में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, उद्यानिकी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की।*

राज्यपाल ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि टेमरी गांव में जैविक भिण्डी की खेती की संभावनाएँ बेहतर हैं। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बाड़ी में जैविक भिण्डी का उत्पादन करें। उद्यानिकी अधिकारी द्वारा यह बताया गया कि ग्राम टेमरी का वातावरण भिण्डी उत्पादन के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि गोद लिए गए ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया कि ग्राम विकास की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा मिशन मोड में कार्य कर ग्राम को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाए। बैठक के दौरान राज्यपाल को गांव में तीन तपेदिक (टी.बी.) रोगियों की जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से छह माह की दवा हेतु आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाता विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, श्री डेका ने आठ मेधावी विद्यार्थियों को उनके परिवार सहित श्रेष्ठ रेस्टोरेंट में भोजन हेतु 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की तथा उनके बैंक खातों की जानकारी लेने को कहा। राज्यपाल ने श्रीराम बुनकर सहकारी समिति देवरबीजा के सदस्यों से भेंट की और उनकी भवन मरम्मत व अन्य समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता–2025 में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से भी मुलाकात कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन पर कलेक्टर ने राज्यपाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली के कराते स्पर्धा में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हाल ही में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के विभिन्न आयु वर्ग के 91 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। नेशनल गतका ए सो सि ए श न ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 70 पदक जीते और पंजाब के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

■ जिले को कुल 6 पदक प्राप्त हुए

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने कराटे और मार्शल आर्ट में भाग लिया, जिसमें जिले को कुल 6 पदक प्राप्त हुए। पंचवटी ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों में नेहा वर्मा, आरती साहू, राजकुमारी, प्रिया यदु और नीरज दास शामिल हैं। बेमेतरा से गतका संघ के माध्यम से दिल्ली पहुंचे खिलाड़ियों में टीकेश्वर रजक, अक्षय सेन, सुनील साहू, साहिल, कमलेश्वरी साहू और रोशनी यदु का नाम भी शामिल है।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने इसे बेमेतरा की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जो गर्व की बात है। अपने कार्यालय में सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्होंने फूल-माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विजय सिन्हा ने कहा कि हर बच्चे में एक विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे निखारने के लिए अभिभावकों को उन्हें सहयोग और प्रोत्साहन देना चाहिए। ये होनहार बच्चे न सिर्फ बेमेतरा, बल्कि देश और दुनिया में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

इस उपलब्धि के लिए उन्होंने नेशनल गतका एसोसिएशन संघ के जिला अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 11 पर

# साजा में अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई रेत भरे हाईवा और तीन ट्रैक्टर जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के मार्गदर्शन में तहसीलदार मानकर ने पूरे अमले के साथ अवैध गाड़ियों पर कार्रवाई की। सुबह से पूरा अमला कार्यवाही के लिए सड़कों पर उतरा इस दरमियान एक हाईवा रेत तीन ट्रेक्टर के साथ बोर गाड़ी पकड़ कर कार्यवाई की। तहसीलदार के कड़ी कार्रवाई को देखते हुए गुरुवार सड़कों पर गाड़ियां नजर नहीं आई। टीम में पटवारी आर आई कोतवाल सहित राजस्व की टीम लगी रही। लोगों ने कार्रवाई की सराहना की। अधिकारी ने कहा अवैध परिवहन पर कार्यवाही जारी रहेगी।

### जनसहयोग से बनने वाले माँ चंडी मंदिर का भी किया गया भूमि पूजन

# डिप्टी सीएम शर्मा ने थानखम्हरिया में 7 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गुरुवार एक दिवसीय प्रवास पर बेमेतरा जिले पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम करमु तथा नगर पंचायत थानखम्हरिया में विभिन्न धार्मिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया।

दौरे की शुरुआत ग्राम करमु से हुई, जहां उपमुख्यमंत्री ने जनसहयोग से बनने वाले माँ चंडी मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन किया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा नगर पंचायत थानखम्हरिया पहुंचे, जहाँ लगभग 653.62 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 36 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में साजा विधायक ईश्वर साहू, दुर्ग सांसद विजय बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। दीप प्रज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने थानखम्हरिया नगर पंचायत को 7 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी।

विकास योजनाओं की श्रृंखला में उपमुख्यमंत्री ने बिरनपुर कांड में मृतक भुनेश्वर साहू (साजा विधायक ईश्वर साहू के सुपुत्र) की स्मृति में साजा क्षेत्र में एक गार्डन और मूर्ति स्थापना के लिए 10 लाख रुपये की विशेष घोषणा भी की, जिसे उपस्थितजनों ने भावुक श्रद्धांजलि के रूप में सराहा। मंच से संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा, नगर पंचायत थानखम्हरिया में 7 करोड़ रुपये की विकास योजनाएं किसी भी क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने में सक्षम हैं। राज्य सरकार जनता की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है।" उन्होंने आगे बताया कि थानखम्हरिया में एसडीओपी कार्यालय और आईटीआई कॉलेज की स्थापना को लेकर भी गंभीर प्रयास किए जाएंगे। वहीं, विधायक श्री ईश्वर साहू ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए 30 लाख रुपये के नवीन कार्यों की घोषणा करते हुए जनता को भरोसा दिलाया कि हर कस्बा और गांव तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

## सुबह 7 बजे के स्कूल में 7.35 बजे तक लटका था ताला

# एपीसी व बीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राज्य के शासकीय शालाओं में गर्मी के कारण सुबह पाली में स्कूल संचालित हैं।प्रातः 7:00 बजे से 11:00 तक स्कूल का समय निर्धारित है। उसके बाद भी 7:35 तक स्कूल में ताला लटका हुआ है। प्रधान पाठक और उनके स्टाफ समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। नगर के स्कूलों का तो यह हाल है तो दूर दराज के स्कूलों का अनुमान लगाया जा सकता है।

आज दिनाँक 19 जून 2025 को सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र कुमार साहू व अरुण कुमार खरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार सँयुक्त रूप से विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण। जिसमें सबसे पहले सुबह 7:35 मिनट पर शासकीय प्राथमिक शाला विद्यानगर बेमेतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्कूल बंद पाया गया। स्कूल में ताला लगा हुआ था। तथा बच्चे बाहर घूमते हुए मिले। शासकीय प्राथमिक शाला पिकरी में भी 7:45 तक प्रधान पाठिका केशर ठाकुर, राजू कुर्रे अनुपस्थित थे। स्कूल बंद पाए जाने पर संबंधित प्रधान पाठक व स्टॉफ के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।

### अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

अनुपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल पिकरी के संकुल समन्वयक सुखनंदन अनंत सहित समस्त स्टाफ अपने कर्तव्यों पर उपस्थित मिले। ततपश्चात सुबह 8:20 शासकीय प्राथमिक स्कूल हथमुड़ी विकासखंड बेमेतरा में भी समस्त स्टाफ व संकुल समन्वयक आकाश सोनी सहित सभी उपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल राखी विकासखंड साजा का भी सुबह 9 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहाँ पर प्रधान पाठिका गायत्री जोगी सहित समस्त शिक्षक साथी कक्षाओं में पढ़ाते हुए मिले। सुबह 9:50 बजे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस देवकर पहुंचे। जहाँ खुला जिम, स्कूल, मध्यन्ह भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। शासकीय हाई स्कूल निनवा में समस्त शिक्षक साथियों के साथ पुस्तकों का स्कैनिंग का कार्य प्रगति पर हैं।

शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल निनवा में एक शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर हैं तथा अन्य शिक्षक साथी अपने कर्तव्यों पर उपस्थित थे। समस्त स्कूलों तथा समस्त शिक्षक साथियों को शाला समयानुसार पढ़ाई कराने, शासकीय कार्यों को समय पर पूरा करने, स्कूल परिषद को साफ सुधरा, बच्चों को स्वास्थ्य रखने, मध्यन्ह भोजन की गुणवत्ता, पुस्तक स्कैनिंग व वितरण, डेली डायरी, एक पेड़ माँ के नाम पौधा लगाने, सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य रूप से अपने कर्तव्यों का तथा शासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आवश्यक निर्देश दिए हैं।

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

# ई रिक्शा की स्थाई पार्किंग नहीं, नाबालिगों के हाथों स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**हरिभूमि अभियान**

जिले में लगातार बढते ई रिक्शा पर लगाम नही लगाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बीच बाजार हो या बस स्टैंड कही पर भी ई रिक्शा चालक खडी हो जाती है। जिससे आगे और पीछे से आ रहे वाहन चालक कभी भी आपा खो देते है। ई रिक्शा चालक की पात्रता निर्धारित नही होने का ही खामियाजा है कि, लगातार घटना में भी ग्राफ हो रहा है। स्थिति यह हे कि नाबालिको के हाथों स्टेयरिंग होने से बडी दुर्घटना होने की पूरी आशंका भी हैं।

## ई रिक्शा चालकों के लिए कहीं पर स्थाई स्टैंड निर्धारित नहीं, कहीं भी कभी भी बेरोक-टोक रोक रहे

### हाईवे किनारे ई रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग

हरिभूमि ने पडताल में पाया कि भिलाई में भी ई रिक्शा का स्थाई पार्किंग नही होने से समस्या बढ गई है। नेशनल हाईवे किनारे जिसमें जवाहर मार्केट, खुर्सीपार और सुपेला में कही पर भी ई रिक्शा रूकने से जाम की स्थिति बनती है। हाईवे का किनारा होने के कारण भी वाहन चालको पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं।





### नहीं पढ़ाते यातायात का पाठ

यातायात विभाग द्वारा सिर्फ कागजों में जागरूकता अभियान चलाई जाती है। ई-रिक्शा चालको को लेकर कभी भी प्रशिक्षण आयोजित नही की गई हैं। वर्तमान चालको के पास ड्राईविंग लाइसेंस तक नही है, जिससे सवारी की जान के साथ चालक भी असुरक्षित सफर कर रहे है। बडा कारण शहर में कही पर भी अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम के हालात बनाना आम हो गया हैं।

### नाबालिग व महिलाओं के हाथों में स्टेयरिंग

वर्तमान में ई-रिक्शा का क्रेज इतना बढ गया है कि, सडको में न सिर्फ पुरूष वर्ग बल्कि महिलाओं के हाथो भी स्टेयरिंग है। यही नहीं शहर में नाबालिक को भी ई रिक्शा की सवारी करते देखा जा सकता है। इन तमाम बेरोकटोक की स्थिति आगे असुरक्षा का माहौल निर्मित कर रही हैं। इसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जा रही हैं।

दुर्ग और भिलाई के बाजार में चार हजार से अधिक ई रिक्शा चालक दौड रहे है। इनके लिए यातायात विभाग द्वारा कही पर भी स्टैंड के लिए निर्धारित जगह चिन्हिंत नही किया गया है। ऐसे में रिक्शा चालक भीड भाड वाले इलाको में सवारी ढोते है, जिससे आय दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस तरह के हालात दुर्ग के इंदिरा मार्केट में रोज बनते है।

यहां तो रोज तूतू मैमै की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके आलावा गंज चौक, नया बस स्टैंड और पटेल चौक जहां सिग्नल है, यहां पर भी रिक्शा रूकने से खतरा अधिक रहता है। क्योकि सिग्नल होने से यहां स्थिति ज्यादा चरमरा जाती है।

## खबर संक्षेप



### नवप्रवेशी बच्चों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 में 18 जून 2025 को कक्षा 9 वीं व 11वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिखा दुबे थीं। इस अवसर पर विभा रानी कटियार एवं अशोक सिंह सहित पालक उपस्थित थे। शिखा दुबे ने उन्होंने कहा कि अपने आपको किसी से कम न समझें, अपनी क्षमताओं का विकास करें, तो सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी।उन्होंने यह भी कहा कि यदि विद्यार्थ अपने लक्ष्य को स्पष्ट कर लेंगे, तो उसे पाने की दिशा में उनकी यात्रा और भी सशक्त होगी। भिलाई विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय सिंह पवार ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्र को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वंदना सोनवाने ने किया।

### बीएसपी में सुरक्षा सेफ्टी सर्कल स्पर्धा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर–लनिंर्ग एंड डेवलपमेंट केन्द्र के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय अंतर–विभागीय सुरक्षा सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को संयंत्र के विभिन्न विभागों से आई 46 टीमों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतिभागियों ने कार्यस्थलों पर असुरक्षित स्थितियों की पहचान, संभावित जोखिमों का विश्लेषण एवं उनके समाधान हेतु किए गए नवाचारों को साझा किया। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन कार्यक्रम में सीजीएम तापस दासगुप्ता, देबदत्त सथपति, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल उपस्थित थे। ईडी राकेश कुमार ने प्रतिभागियों की ऊर्जा, प्रस्तुति की गुणवत्ता और आयोजन की व्यापकता की सराहना की तथा इस तरह की गतिविधियों को वर्ष भर आयोजित करने पर बल दिया। श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तुतियाँ अलग अलग सभागारों मेंआयोजित की जा रही हैं।

### जिला संयोजक नियुक्त किये गए आदित्य

**भिलाई।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन तथा आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देश के 500 जिलों और 5 हजार स्थानों और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 253 स्थानों पर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए आदित्य टंडन को बालोद जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। 21 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक या किसी भी उपयुक्त समय पर योग का अभ्यास कर दूसरों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने कुछ बिंदुओं पर ध्यान देने कहा गया है।

## तीन साल से लंबित खेल योजना को शीघ्र मिलेगी हरी झंडी

# भिलाई बनेगा मुक्केबाजी की नर्सरी, जल्द होगा छग के पहले बाक्सिंग हॉल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जल्द ही भिलाई सहित अंचल के खिलाड़ियों को बहुप्रतीक्षित खेल योजना बाक्सिंग हॉल की सौगात मिलेगी। तीन साल से लंबित भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश के पहले सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग क्लब के निर्माण के लिए प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया है। इसके बन जाने से शहर के साथ प्रदेश के हजारों खिलाड़ियों को लाभ होगा और यहां राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन संभव हो सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई में बाक्सिंग हाल के निर्माण की महती योजना वर्ष 2022 से तत्कालीन डायरेक्टर इंचार्ज के पास मंजूरी के लिए लंबित थी। लेकिन बजट व क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण 2025 तक यह लंबित रही। अब बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज प्रभार व नए ईडी पीएंड ए की पहल से तीन साल बाद अब इसके निर्माण की उम्मीद बंधी है। डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाले बाक्सिंग हाल के निर्माण के लिए बाक्सिंग खिलाड़ियों को कार्यपालक निदेशक ने जल्द इसका निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। सर्वसुविधायुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश के पहले बाक्सिंग हाल का निर्माण अब बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा बाक्सिंग क्लब स्थल पर किया जाएगा। खिलाड़ियों के मुताबिक बाक्सिंग हाल के बन जाने से इसका लाभ न सिर्फ भिलाई बल्कि बस्तर वनांचल सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलेगा और भिलाई नए सिरे से बाक्सिंग की नर्सरी बन जाएगा।

### डेढ़ करोड़ की लागत से होगा निर्माण




### ड्रीम प्रोजेक्ट से निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा

भिलाई में सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग हांल के निर्माण से छत्तीसगढ़ के हजारों बच्चों को लाभ होगा। इसके जल्द निर्माण के लिए अब विभाग के उच्चाधिकारी से आश्वासन मिला है। बाक्सिंग हाल का निर्माण बाक्सिंग क्लब में किया जाएगा। इससे भिलाई में भी स्टेट व नेशन स्पर्धाओं के आयोजन के साथ सलेक्शन ट्रायल भी हो सकेंगे। 1992 में बतौर ओलम्पियन मेरी व्यक्तिगत दिली इच्छा है अपने अनुभव से भिलाई की मिट्टी का कर्ज अदा कर सकूं। अब यह इच्छा पूरी होने जा रही है।

**राजेंद्र प्रसाद,** ओलम्पियन और उप महाप्रबंधक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग बीएसपी

### ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद के अनुभव का मिलेगा लाभ

गौरतलब हो कि भिलाई के एकमात्र बाक्सिंग ओलम्पियन और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद व नागरिक सुविधाएं विभाग बीएसपी के उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद द्वारा अपने दीर्घ अनुभव को देखते हुए वर्ष 2022 में यहां राज्य की खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए विभाग को बाक्सिंग हाल निर्माण कराने की स्कीम बनाई गई थी। इसके बाद इसका प्रस्ताव प्रबंधन को दिया गया, जो मंजूरी के लिए डीआईसी अनिर्बान दासगुप्ता के पास लंबित था। लेकिन बजट की स्वीकृति नहीं मिलने के साथ नगर सेवाएं विभाग से सड़क, बिजली सुविधा और निर्माण स्थल आदि का क्लीयरेंस की प्रत्याशा थी। । बाक्सिंग क्लब का मैप व डिजाइन ईडीडी (इंजीनियिरिंग ड्राइंग एंड डिजाइन अनुभाग) द्वारा किया गया । हाल ही में बाक्सिंग खिलाड़ियों के आग्रह पर ओलम्पियन राजेंद्र प्रसाद द्वारा बीएसपी के ईडी से मिलकर बाक्सिंग हाल की महती योजना को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया गया। इस पर उच्चाधिकारी ने प्रबंधन से चर्चा कर अतिशीघ्र खिलाड़ियों को यह सौगात दिलाने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बाक्सिंग कोर्ट के बन जाने से बीएसपी को अंतर्राष्ट्रीय बाक्सिंग कोच और ओलम्पियन क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के डीजीएम प्रसाद के अनुभवों की पूरा लाभ मिल सकेगा और भिलाई प्रदेश व देश में बाक्सिंग प्रतियोगिताओं को एक बड़ा सेंटर बन जाएगा।

### धूप व बारिश नहीं होगी बाधा

बाक्स बाक्सिंग हाल के निर्माण के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। निर्माण सिविकसेंटर के निकट बाक्सिंग क्लब स्थल पर किया जाना है। छत्तीसगढ़ के इस पहले सर्वसुविधायुक्त बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग रिंग, पंचिंग बैग, दर्शक गैलरी, खिलाड़ियों के रेस्टरुम व कमेंटेटर बाक्स आदि की सुविधाएं रहेंगीं। इसके निर्माण हो जाने से प्रदेश भर के खिलाड़ी बारिश व धूप की बाधा के बिना यहां अभ्यास कर सकेंगे बल्कि राज्य व नेशनल प्रतियोगिताओं के आयोजन से भिलाई अन्य खेलों की देश का एक बड़ा स्पोर्ट्स सेंटर बन जाएगा। साथ ही बस्तर जैसे आदिवासी अंचल के बच्चों को को भी यहां राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियो के रुप में तराशा जा सकता है। वर्तमान में यहां बास्केट बांल, हैंडबाल आदि प्रमुख खेलों की तरह इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं होने से खिलाड़ियों को असुविधा होती है।

# सेक्सटार्सन मामले में मृतक के परिजन पहुंचे जीआरपी थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्सटार्सन मामले में बीते दिनों ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक हरविंदर सिंह के परिजन बुधवार की सुबह जीआरपी भिलाई तीन पहुंचे थे। इस दौरान परिजनों की मांग किया कि मृतक हरविंदर को ब्लैकमेल करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द करें। इससे जुड़ा कोई भी आरोपी बचना नहीं चाहिए।

■ आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर करते रहे मांग

परिजनों ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। जब अधिकारियों ने मामले की शिकायत दर्ज कर जल्द कार्रवाई की बात कही तब परिजन शांत हुए। अधिकारियों ने परिजनों को बताया कि उन्हें हरविंदर के मोबाइल से रुपए ट्रांसफर करने के सबूत मिले हैं। पुलिस साइबर एक्सपर्ट से उसकी जांच करा रही है। उसे सेक्सटार्सन मामले में जो लोग ब्लैकमेल कर रहे थे, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

हरविंदर सिंह संतूर साबुन कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। घटना के दिन सुबह 6 बजे से हरविंदर घर में गुरुद्वारा जाने के लिए निकला था। उसके बाद देर तक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन करना शुरू की। इस दौरान परिजनों को पता चला कि ट्रेन से कटने से एक युवक की मौत हो गई है। परिजन दौड़े दौड़े रेलवे ट्रैक के पास गए और देखा तो मरने वाला हरविंदर था। जब वहां मिले मृतक के मोबाइल को चेक किया गया तो पता चला कि वह सेक्सटार्सन मामले में ब्लैकमेल का शिकार हुआ। उससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की है।

# ओए ने निकाली सायकल रैली



**भिलाई।** आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी द्वारा प्रगति भवन से 7 मिलियन टन चौक तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली प्रगति भवन से शुरु होकर शहीद उद्यान होते हुए सेंट्रल एवेन्यू से गुजर कर सेक्टर-5 के 7 मिलियन टन चौक पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और कार्यक्रम के अध्यक्ष सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भी साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। ओए के पर्यावरण जागरुकता जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। रैली में बीएसपी साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष श्री बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविन्दर सिंह, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख विशेष रुप से उपस्थित थे। अतिथियों के साथ महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तूषार सिंह, अखिलेश मिश्रा सचिव द्वय संजय तिवारी, जे पी शर्मा ने भी सिंदूर के पौधे लगाए।

■ सांसद बघेल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# बीएसपी के खेल प्रशिक्षण शिविर में तीन सौ बच्चों का दिखा दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह 17 जून 2025 को सिटीजन क्लब, राजहरा में हुआ। मुख्य अतिथि सीजीएम आरबी गहरवार थे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 मई से 14 जून तक किया गया था।

शिविर में क्रिकेट, फुटबाल वालीवाल, जूडो, कराते बाक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी जैसे 11 खेल शामिल किए गए, जिनमें 350 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए जिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली गईं। प्रशिक्षकों में बालमुकुंद सिंह, सुदर्शन कुमार सिंह दामिनी सिंह, तेजेश्वरी साहू, कृष्णमूर्ति, अनीता शिंदे, तामिन साहू, बादल तिवारी और खुर्शीद आलम शामिल थे। श्री गहरवार ने प्रतिभागी बच्चों की हौसलाआफजाई करते हुए युवाओं को भविष्य में राजहरा, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक एम आर ठाकुर तथा सहायक महाप्रबंधक तुषार राय चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। उप प्रबंधक गिरीश मढरिया ने शिविर की उपलब्धियां बताईं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## टाउनशिप में बैक लेन सफाई कार्य शुरु

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासों के बैक लेन की चरणबद्ध सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा संचालित पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन, सीवरेज प्रणाली तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं के नियमित रखरखाव को निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्य किय जा रहा है। नगर सेवाएं विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार सभी सेक्टरों एवं ब्लॉकों में यह कार्य क्रमशः संपन्न किया जाएगा। विभाग ने अपील की है कि टाउनशिप क्षेत्र के निवासियों द्वारा बैक लेन में कच्चा अथवा पक्का अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिपवासियों से अपील की गई है कि वे बैक लेन में किए गए अवैध निर्माणों को स्वयं हटाएं तथा किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा अथवा कचरा बैक लेन में न डालें।



# रक्तदान महादान, स्वैच्छिक रक्तदाताओं का हुआ सम्मान

**भिलाई।** युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने अनेक जिलों से आए हुए स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ और जीवनदान सेवा संस्था भिलाई टीम के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदाता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम रक्तदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहित करने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रक्तदाताओं एवं समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। समारोह में छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से आए हुए स्वैच्छिक रक्तदाताओं, ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजकों और सामाजिक संस्थाओं को विशेष प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करने का एक माध्यम था, बल्कि युवाओं को भी प्रेरित करने का संदेश लेकर आया।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक सोच और सेवा भाव को भी जन्म देता है। कार्यक्रम में जीवनदान सेवा संस्था द्वारा चलाए जा रहे महिला आत्मरक्षा अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की भी जानकारी दी गई।

## भिलाई निगम की आय बढ़ाने के लिए रिटायर व अनुभवी लोगों ने दिए सुझाव

# क्षेत्रफल के हिसाब से टैक्स का हो निर्धारण, विभागीय खर्च भी करें कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में अपनी सेवाएं दे चुके राज्य शासन स्तर पर मुख्य अभियंता से सेवानिवृत्त हुए तथा अन्य अधिकारियों ने निगम सभागार में निगम के आय में वृद्धि को लेकर बैठक में अनेक सुझाव दिए है।

सभी ने एकमतेन कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के आवासों का डाटा बेस जानकारी एकत्र किया जाना चाहिए। ताकि स्व-विवरणी के आधार पर यह सुनिश्चित किया जा सके, कि वास्तव में निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर टैक्स का भुगतान किया जा रहा है कि नहीं। साथ ही विभागों में भी मितव्ययिता बरतने के सुझाव दिए।

### लीज डीज के हिसाब से प्रीमियम राशि मिले

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम भिलाई की आय को बढ़ाने निगम सभागार में बैठक बुलाई। बैठक में नगर निगम भिलाई के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त पाण्डेय के अनुसार गोकुल नगर में आबंटित भूमि स्वामियों द्वारा लीज डीड के शर्तो के आधार पर प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसे लोगों को गुरूवार से नोटिस वितरण प्रारंभ किया जाएगा। सभी विभागों में अनावश्यक खर्चो में रोक लगाने के लिए मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिये गए। न्यायालीन प्रक्रिया में कटौती करना होगा। विशेष कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवनों का दर निर्धारण किया जाना होगा। पूर्व से निर्मित प्रगति मार्केट वर्तमान मदर्स मार्केट पावर हाउस में व्यय की गई एक लंबी राशि की वसूली के लिए खुली नीलामी के माध्यम से दुकानों का विक्रय किया जाएगा। निगम क्षेत्र के तालाबों में मछली पालन कर आय बढ़या जा सकता है।




### संपत्ति कर वसूली को प्राथमिक्ता दें

निगम की आय को किस प्रकार से बढ़ाया जाए इस विषय पर सभी ने अपने सुझाव दिए। बीएसपी एवं अन्य बड़े बकायादारों से संपत्तिकर की वसूली को प्राथमिकता दी जानी है। कुछ स्थलों पर 2 नल कनेक्शन है, जिसका विच्छेद करना और अवैध कलेक्शनों का कटौती करना होगा। भवन/भूमि स्वामियों से सही संपत्तिकर विवरणी को भरा जाना, गलत भरने पर 10 प्रतिशत से ज्यादा का अंतर आने पर 5 गुणा अधिभार शुल्क अधिरोपित करना। ढिल्लन काम्पलेक्स से कर वसूली करना, लीज नवीनीकरण में वृद्धि करना।

### ये रहे प्रमुख सुझाव

सेवानिवृत्त अधिकारी एल.के. पाणिग्रही के अनुसार भूमि दस्तावेजीकरण, संपत्तिकर, समेकित कर, जीआईएस बेस्ड भूमि रिकार्ड एवं टैक्स वसूली को प्राथमिकता दी जाये। आनलाईन सिस्टम हाईटेक करना होगा, जिससे कि सभी जगह के अचल संपत्ति का रिकार्ड अविलम्ब देखा जा सके। सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी संजीव व्यवहार के अनुसार शासन को प्रस्ताव भेजने के पश्चात शासन स्तर में पहल करना अति आवश्यक होता है। साथ ही पूर्व निर्मित भवन एवं खुर्सीपार स्टेडियम की दुकानों का किराया निर्धारित करना। अशोक पहाड़यि के अनुसार कामर्शियल सह आवासीय मकानों में छूट संबंधी नियमावली में सुधार किया जाए, ताकि निगम की आय में वृद्धि हो। अवैध गुमटी संचालन कर अवैध किराया वसूली को रोका जाना चाहिए। सभी राजस्व करों की वसूली हेतु निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी को रखा जाना उचित होगा। जिससे अधिकृत वसूली एजेंसी को दिए जाने वाले कमिशन की राशि की बचत से निगम के आय में वृद्धि की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना एक की मौत, दूसरा घायल

**कवर्धा।** जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कापादाह पुल में एक टैंकर की चपेट में आए मोटर सायकल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं घायल ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम दो ग्रामीण अपनी मोटर सायकल से ग्राम कापादाह होते हुए कहीं जा रहे थे। इसी दौरान वे पुल के ऊपर से गुजर रहे एक टैंकर की चपेट में आए और गंभीर चोट आने के कारण एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 24 जून को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 24 जून को समय-सीमा की बैठक के उपरांत जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाएगा। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय में एजेण्डा अनुसार अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### कलेक्टर से विकास के मुद्दों पर चर्चा

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने टीम के साथ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर की वर्तमान स्थिति और विकास के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें रखीं। अध्यक्ष खुशरो के साथ पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, मोहसिन खान, रंजीत चंदेल मौजूद थे। नगर अध्यक्ष ने नगर में हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गड़रिया ढेंगर समाज ने गत दिनों ग्राम ढाबा में प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गड़रिया समाज के मुख्य संरक्षक चंद्रपाल धनगर, प्रदेश अध्यक्ष गोविंदराम धनकर ने नारायणप्रसाद पाली को शॉल, श्रीफल और देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशीष धनगर, मनोज धनगर, अजय हंसा, पुरुषोत्तम पाल, छगन पाल, रमेश पाल शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अभिमन्यु धनगर, विनोद पाली, चेतन पाली, लोकनाथ पाल, महेंद्र पाल, विदेशी धनगर, तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता धनगर, नीलम पाली आदि सामाजिक जन उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### दिल्ली के कराते स्पर्धा ...

जगजीत सिंह, सचिव अजय वर्मा और कोच दीपांकर मिर्झा को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन तीनों के समर्पण और प्रशिक्षण के कारण ही जिले के खिलाड़ी दिल्ली में शानदार प्रदर्शन कर सके और बेमेतरा का नाम रोशन हुआ।

**विरोध : मध्यप्रदेश के कत्लखाना ले जाए जाने की आशंका, स.लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई**

# नहीं थम रही पशु तस्करी, तस्करों से जब्त किए गए 27 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/स. लोहारा

जिले में पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। आलम ये है कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आए दिन बड़ी संख्या में न सिर्फ पशु तस्कर दबोचे जा रहे है बल्कि इनके कब्जे से बड़ी संख्या में पशु भी बरामद किए जा रहे हैं। लगातार सामने आ रहे पशु तस्करी के इन मामलों को देखकर कहना गलत नहीं होगा कि जिले में पशु तस्करों का बड़े और सक्रिय गिरोह बड़े ही सुनियोजित ढंग से काम कर रहा है। जिसे लेकर पुलिस, प्रशासन और शासन को गंभीरता दिखाने की जरूरत है। ताजा मामला जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र से सामने आया है। जिसमें थाना सहसपुर लोहारा की टीम द्वारा पशु तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 05 महिला एवं 02 पुरुष कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 नग भैसा (पड़वा) अनुमानित कीमत आरएस 1,92,000 की बरामदगी भी की है, जिन्हें गवाहों के समक्ष जप्त कर गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बबई क्षेत्र में पहुंचे पुलिस दल को सूचक गोपीराम साहू द्वारा बताया गया कि ग्राम मोहगांव से 05 महिलाएं एवं 02 पुरुष 27 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक डंडे से हांकते हुए, बिना चारा-पानी के लॉजी मध्यप्रदेश की ओर ले जा रहे हैं। जहां उन्हें कत्लखाना पहुंचाने की आशंका है। इस पर प्रार्थी द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर पशु तस्करी व पशुओं के साथ क्रूरता के संबंध में थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 134/25, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11(1) (क) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**गिरफ्तार किए गए सात पशु तस्कर**




पशु तस्करी के इस मामले में स. लोहारा पुलिस पशुओं की तस्करी करने वाले कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पांच महिलाएं और दो पुरूष शामिल है। आरोपियों में श्रीमती फुलबाई पति रवि ध्रुवे, आयु 40 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला, धन्ना ध्रुवे पिता राजू ध्रुवे, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम बिरझोला, थाना रावणवाड़ी, श्रीमती छाया ध्रुवे पति अजय ध्रुवे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला, भीमसेन मेरावी पिता स्व. लल्लू सेन, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, थाना रावणवाड़ी, श्रीमती लालूबाई पति भीमसेन, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, श्रीमती राधाबाई पति स्व. सेवाराम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बगदई, थाना लॉजी, जिला बालाघाट तथा श्रीमती बबलीबाई पति नानू मेरावी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) शामिल है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही उपरांत उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक लालमन साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

# सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए प्रशासकीय प्रक्रिया शुरू

- ग्रामीणों की मांग को मिली स्वीकृति की दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा सड़क निर्माण सहित पुल पुलिया के निर्माण की दिशा में विशेष प्रयास किया जा रहा है।

जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बेंदा एवं बीजाझोर गांव की महिलाएं, गर्भवती माताएं, स्कूली बच्चे और ग्रामीण सकरी नदी को पार करने के लिए आज भी पारंपरिक और असुरक्षित साधनों का उपयोग करते संबंधित सूचना कलेक्टर गोपाल वर्मा को लगातार मिल रही थी। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रो की समस्याओं को संज्ञान लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण उपसंभाग कवर्धा द्वारा जानकारी दी गई है कि भोरमदेव-छेरकीकछार मार्ग पर चौरा के पास स्थित सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के बजट मांग संख्या 24/5054 (7976) जवाहर सेतु योजना के अंतर्गत सम्मिलित की गई है। विभाग ने बताया कि पुल निर्माण के लिए कुल 382.55 लाख रुपए की राशि का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता, सेतु मंडल रायपुर के माध्यम से शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि इस पुल के निर्माण से करीब 13 गांवों की लगभग 8027 की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। वर्तमान में सकरी नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को प्रसव जैसी आपात स्थितियों में भी चारपाई या अस्थायी साधनों से नदी पार करनी पड़ती है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए पानी में उतरना पड़ता है, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले से इस परियोजना को प्राथमिकता में रखते हुए बजट वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक प्रावधानों में 20 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था।

अब विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# विधायक की पहल से बदल रहा पंडरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान



समाज सेवा एवं लगातार जनसरोकारों से जुड़ी रहकर अपने मिलनसार और सौम्य व्यक्तित्व के अलावा हंसमुख स्वभाव से वनवासियों का दिल जीतकर वनांचल के जनमानस को रिझाने वाली श्रीमती भावना बोहरा का नाम आज प्रदेश की बेहद सक्रिय, ऊर्जावान और मुखर ही नहीं बल्कि उत्कृष्ट विधायक के रूप में दर्ज हो चुका है। चुनाव से पूर्व ही अंचलवासियों और खासकर महिलाओं के बीच भावना दीदी के नाम से पापुलर होने वाली श्रीमती बोहरा पंडरिया विधानसभा के इतिहास में वह पहली नेता हैं जिसे चुनाव के पूर्व ही जनमानस ने अपना विधायक स्वीकार कर लिया था। जिसके संस्कारों में जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति और समाज सेवा रची बसी हो तो उसके भीतर की भावनाएं भी अच्छी ही होती हैं और श्रीमती भावना बोहरा ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में इसे बीते अल्प समय में ही साबित कर दिया है। जनता की दैनिक जीवन से जुड़ी क्षेत्र की छोटी बड़ी ज्वलंत समस्याओं के अलावा समय-समय पर प्रशासनिक विसंगतियों को लेकर विधानसभा में सवाल उठाने वाली श्रीमती बोहरा न केवल क्षेत्र में लगातार दिखाई देती हैं बल्कि अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठकें भी करती हैं जिससे वर्षों से व्याप्त प्रशासनिक जड़ता दूर होती दिखाई दे रही है। विधायक द्वारा विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से सतत संपर्क और सीधे संवाद की स्थिति बनाए रखने से सरकारी दफ्तरों में बिचौलियों पर भी रोक लगी है। श्रीमती बोहरा ने अपने लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के दौरान जहां क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है, वहीं राजनीतिक प्रेक्षक उनके द्वारा निर्माण और विकास कार्यों में होने वाली कमीशनखोरी और सरकारी विभागों से वसूली जैसी आम हो चुकी दागदार परंपरा पर कड़ाई से रोक लगाए जाने को भी बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं।

**क्षेत्र में दलाली और कमीशनखोरी पर अंकुश**

सरकार चाहे किसी भी दल की हो सत्ता पक्ष के होने और क्षेत्रीय विधायक से संबंधों की आड़ में दलीय कार्यकर्ता तथा छुटभैये नेताओं पर कमीशन खोरी व सरकारी विभागों से वसूली के आरोप लगना आज की राजनीति में आम हो चुके हैं। जिसके चलते न केवल क्षेत्रीय विधायक की छवि दागदार होती है बल्कि सरकारी विभागों में भ्रष्ट्राचार को भी बढ़ावा मिलता है। इसे शुभ संकेत ही कह सकते हैं कि श्रीमती भावना बोहरा ने अपने क्षेत्र में इस राजनीतिक बुराई पर कड़ाई से अंकुश लगाने में सफलता पाई है। भाजपा सूत्रों की मानें तो पार्टी के भीतर कुंडली मार कर बैठे ऐसे तत्वों को क्षेत्रीय संगठन के दायित्वों से भी मुक्त करके ठीक ठाक काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जा सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है.। यह बात दीगर है कि अभी तक जो लोग सरकारी कार्यों में कमीशन खोरी और वसूली को अपना विशेषाधिकार मानते हुए इन्हें पेशा बनाकर चल रहे थे उन्हें यह नागवार लग रहा है और क्षेत्र में ऐसे लोगों का एक असंतुष्ट खेमा भी बनता दिखाई दे रहा है। बहरहाल राजनीति में कोई सर्व मान्य और हृदय से सर्व स्वीकार्य हो ऐसा बहुत ही कम होता है। इतना जरूर कहा जा सकता है कि पंडरिया विधायक के रूप में श्रीमती भावना बोहरा राजनीति से जुड़े लोगों के परे आम जन मानस के नजरिए से खरा उतरती दिखाई दे रही हैं।और लोकतंत्र में जो नेता,जनभावना के साथ होगा,जनता उसे अपने सर आंखो पर रखेगी।

## मानसून का इंतजार...



कवर्धा। खेती किसानी की तैयारियों में जुटे अंचल के किसानो को अब मानसून का इंतजार

# एसबीआई के स्थापना वर्ष पर मेगा रक्तदान शिविर आज

- जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्र सेवा में सदैव अग्रणी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने 70 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 20 जून शुक्रवार को जिला चिकित्सालय कवर्धा में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक संचालित होगा। राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान 2025 के तहत यह शिविर राज्य सहित पूरे देश में एक साथ आयोजित हो रहा है। भारतीय स्टेट बैंक, शाखा कवर्धा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आम नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की गई है।

शाखा प्रबंधक सत्येंद्र कुमार आरस, मुख्य प्रबंधक सुधीर भट्ट एवं सहयोगी रंजन कुमार ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी की अनमोल जिंदगी बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त से तीन जरूरतमंदों को जीवनदान दिया जा सकता है। यह न सिर्फ सामाजिक दायित्व है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। रक्त संचार बेहतर होता है, हृदय स्वस्थ रहता है और कैंसर की संभावना भी कम होती है।

इस अवसर पर उपस्थित होकर रक्तदान कर अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करें और मानवता की सेवा में सहभागी बनें।

# किसानों की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा सीएम व कलेक्टर के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ ने किसानो की विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिला कलेक्टर के नाम जिले की सभी तहसीलों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

बीते बुधवार को भारतीय किसान संघ के तहसील ईकाई रेंगाखार, कुण्डा, पिपरिया, कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा तथा बोड़ला में संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि संघ ने मुख्य रूप से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने और समितियों में खाद की सुनिश्चित उपलब्धता करने की मांग की है। उन्होने बताया कि जिले की सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता न के बराबर है जिसके कारण किसान खाद न मिलने से परेशान है। वहीं बहुत से निजी कृषि केन्द्रों में खाद अधिक दामों पर विक्रय की जा रही है। कई स्थानों पर निजी कंपनियों द्वारा खराब गुणवत्ता की खाद किसानों को बेचे जाने की भी शिकायत मिली है।

यह स्थिति प्रशासन व संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और दुकानदारों से मिलीभगत की ओर संकेत करती है। श्री चन्द्रवंशी ने शासन से धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ किसानों दिए जाने की भी मांग की है। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष धान के समर्थन मूल्य में आरएस 117 प्रति क्विंटल तथा इस वर्ष आरएस 69 प्रति क्विंटल की वृद्धि की है, किंतु यह लाभ किसानों को अब तक नहीं मिल पाया है। जिसका भुगतान किसानो को होना चाहिए।

इसी प्रकार संघ ने किसानो को फसल विविधीकरण के लिए 20000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दलहन तथा तिलहन उत्पादन के लिए प्रदान किए जाने की मांग शासन से की है।

ज्ञापन सौपने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, कोषाध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, कमलेश चंद्रवंशी, अदिति कश्यप, विकाश चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, मूलचंद शाहू, झम्मन चंद्रवंशी, भागवत चंद्राकर, पंकज वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वनभूमि पर अतिक्रमणकारी गिरफ्तार



**पंडरिया।** वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत परिसर चतरी के कक्ष क्रमांक पीएफ 525 में अवैध अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकारी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी की टीम के द्वारा वन क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जे को खाली कराकर संलिप्त आरोपी संतोष पिता सुद्धूराम श्रीवास, निवासी ग्राम कोदवागोड़ान, थाना-कुकदूर, जिला-कबीरधाम के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)क, धारा 33(1)ग, धारा 33(1)घ, धारा 33(1)ङ एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16),(ब), धारा 51, 52 एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3, 4 के तहत कार्यवाही किया जाकर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20712/20 दर्ज किया गया एवं 19 जून को जांच कार्यवाही के दौरान विधिवत आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेट, पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 14 दिन के न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। अतिक्रमणरोधी कार्यवाही में निखिल अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवान, उपवनमण्डलाधिकारी, पंडरिया के मार्गदर्शन एवं महेन्द्र कुमार जोशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया (पूर्व) के कुशल नेतृत्व में देवनाथ सिदार, विक्रांता सिंह प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, वनरक्षक ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**रामबिलास अध्यक्ष, अर्जुन उपाध्यक्ष, राजीव को सचिव पद की मिली जिम्मेदारी**

# ठेकेदार संघ की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ठेकेदार संघ जिला कबीरधाम इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आदिवासी मंगल भवन, कवर्धा में आयोजित की गई। बैठक में संरक्षक के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, तिलक चन्द्रवंशी, सियाराम चन्द्रवंशी, विद्यानंद चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ठेकेदारों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ का जिला अध्यक्ष रामबिलास चन्द्रवंशी को, उपाध्यक्ष अर्जुन वर्मा को, कोषाध्यक्ष रोहित चन्द्रवंशी को तथा सचिव राजीव चन्द्रवंशी को चुना गया। सभी पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों की पूर्ण सहमति से मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के सक्रिय और पंजीकृत ठेकेदारों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। बैठक में मुख्य रूपए से रामबिलास चन्द्रवंशी, राजीव चन्द्रवंशी, विद्यानंद चन्द्रवंशी, विपिन चन्द्रवंशी, किशन चन्द्रवंशी, प्रकाश चन्द्रवंशी, टीकम शर्मा, घनश्याम चन्द्रवंशी, आर्यन गुप्ता, अन्नपूर्णा बिल्डर्स एंड सप्लायर्स, अनमोल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, प्रमोद चन्द्रवंशी, उमेश चन्द्रवंशी, इन्द्रजीत चन्द्रवंशी, श्याम लाल चन्द्रवंशी, योगेश चन्द्रवंशी, जमुना इंटरप्राइसेस, एबी कंस्ट्रक्शन, अनिमेश गुप्ता, नितेश गुप्ता, सुखनंदन चन्द्रवंशी, राजेश साहू, रोहित कुमार चंद्रवंशी, जेके केएस राठौर, आशीष सोनी, श्रीराम कंस्ट्रक्शन, श्रवण कुमार, नवीन जायसवाल, केसरीचंद साहू, मुनीराम, विकास पाण्डेय, अर्जुन वर्मा, तिलक राम चंद्रवंशी, सियाराम चंद्रवंशी, महेंद्र घृतहरे, अजीत पाल, रमाकांत गुप्ता, विवेकानंद चंद्रवंशी, यशवंत सिंह ठाकुर, विजय शर्मा, पंचराम चंद्रवंशी, नंदकुमार पाण्डेय, रूपेश कुमार चंद्रवंशी, कन्हैया लाल चंद्रवंशी, सुखीराम चंद्रवंशी और दीपक चंद्राकर उपस्थित थे। सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और एसोसिएशन की मजबूती के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम और इसके पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों, पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी सेक्टर सुपरवाइजरों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान, बच्चों के अधिकार, प्राथमिक सूचना की संवेदनशीलता, प्रभावी निगरानी प्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया प्रक्रिया तथा समुदाय आधारित हस्तक्षेपों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में पंचायत सचिवों, जनप्रतिनिधियों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर यदि सभी लोग जागरूक और सतर्क रहें तो बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि पंचायत सचिव और सुपरवाइजर की सक्रियता और सजगता से समय पर बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी मिलती है तथा त्वरित कार्यवाही संभव हो पाती है। उन्होंने बाल विवाह की शिकायत मिलने पर संवेदनशीलता, गोपनीयता और तत्परता बरतने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से विकास के मुद्दों पर चर्चा

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने टीम के साथ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर की वर्तमान स्थिति और विकास के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें रखीं। अध्यक्ष खुशरो के साथ पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, मोहसिन खान, रंजीत चंदेल मौजूद थे। नगर अध्यक्ष ने नगर में हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रशासन से इस पर कार्रवाई करने और प्रशासनिक कसावट लाने का आग्रह किया ताकि नगर का व्यवस्थित विकास हो सके।

### योग शिविर 21 तक

**बोरतालाव।** आयुष संचनालय के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष आरोग्य मंदिर में ५ दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 ये 21 जून तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ गत दिनों भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर सरपंच कैलाश ऊके ने किया।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गड़रिया ढेंगर समाज ने गत दिनों ग्राम ढाबा में प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गड़रिया समाज के मुख्य संरक्षक चंद्रपाल धनगर, प्रदेश अध्यक्ष गोविंदराम धनकर ने नारायणप्रसाद पाली को शॉल, श्रीफल और देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### रमेश राही बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसियेशन के प्रांतीय अध्यक्ष पीआर यादव ने नगर के साहित्यकार एवं शिक्षाविद रमेश जैन राही को एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें जिला कार्यकारिणी के गठन एवं तहसीलों के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अधिकृत किया है। श्री राही के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश महामंत्री उमेश मुदलियार, मीडिया प्रभारी विद्याभूषण दुबे, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के आनंद श्रीवास्तव, राजेन्द्रसिंह ठाकुर, दिलेश्वर सांडिल आदि ने बधाई दी है।

## निधन

### विमला तिवारी

**बेमेतरा।** श्रीमती विमला तिवारी (80) की अवस्था में गुरुवार 19 जून शाम स्वर्गवास हो गया है। वे बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की माता जी थी।



जिनकी अन्त्येष्टि 20 जून महादेव घाट मुक्तिधाम रायपुर में होगी। उनकी अंतिम यात्राा रायपुर के निज निवास, चौबे कॉलोनी सहकारी मार्ग गली नंबर 2 से प्रातः 10 बजे निकलेगी। श्रीमती तिवारी के निधन पर क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यवसायि वर्गों ने शौक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने थान खम्हरिया में ली प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# अधिकारी साजा विस के अधूरे विकास कार्यों को अतिशीघ्र करें पूरा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने थान खम्हरिया प्रवास के दौरान विश्राम गृह में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास कार्यों, विशेष रूप से थान खम्हरिया नगर पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक मे सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल और साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे।



बैठक में उप मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत क्षेत्र में अधूरे पड़े कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि अधूरे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि स्थानीय नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका समय पर क्रियान्वयन हो। जनता के हित में चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत के स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत और अधोसंरचना संबंधी विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में उन्होंने पंचायत क्षेत्रों में भी चल रहे विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत सचिवों और जनपद अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वच्छता, पंचायत भवन निर्माण जैसे कार्यों को गति दी जाए ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका समयबद्ध क्रियान्वयन होगा।

उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, जनपद सीईओ, नगर पंचायत के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड विजिट करें और कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें।

## वार्ड 11 में बच्चों का कराया अन्नप्राशन गर्भवतियों की गोद भराई की रस्म भी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 11 में गुरुवार आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया और नवविवाहिताओं की गोद भराई आंगनबाड़ी केन्द्र में जहां कराया गया वही बच्चों को टीकाकरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका के सभापति खाद नागरिक आपूर्ति व वार्ड 11 के पार्षद विकास तंबोली शामिल हुए। कार्यक्रम पश्चात सभी ने वन जल जन को बचाने ओर संरक्षण जल संवर्धन के लिए शपथ लिये। इस मौके पर मौजूद सभी से आग्रह किया कि एक एक पेड़ अपने माँ के नाम से जरूर लगये। पेड़ है तो जीवन है के नारे लगाए। पार्षद विकास तंबोली ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा प्रकृति की रक्षा के लिए हम सब को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए पेड़ पौधे अवश्य रूप से अपने घर मे खाली जगहों पर लगाना ही होगा साथ ही पानी की विकराल समस्या को देखते हुए जल के संरक्षण संवर्द्धन के लिए हम सब वाटरहारवेस्टिंग पर विशेष तौर कार्य करने की जरूरत है और वाटरहारवेस्टिंग घरों बनाए रखने की आवश्यकता है कार्यक्रम में ,आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता रेखा पाटकर,सहायिका पूर्णिमा यादव,वर्षा शर्मा मिथलेश चक्रधारी अनिल शर्मा,सहींत वार्ड की महिलाएं,बच्चे वार्डवासी उपस्थित रहे हैं।

## हाई स्कूल पुटपुरा में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

शासकीय हाई स्कूल पुटपुरा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पुटपुरा की सरपंच जवंतीन बाई वर्मा थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच लक्ष्मी बंजारे तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जयनारायण वर्मा ने की।

सरपंच जवंतीन बाई वर्मा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को दिशा देती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में रुचि लें। उपसरपंच लक्ष्मी बंजारे ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से शिक्षा संबंधी योजनाओं में हर संभव सहयोग किया जाएगा।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को दिशा देने वाला आधार है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु समुदाय और पालकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। समिति द्वारा विद्यालय की आवश्यकताओं को समय-समय पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। प्राचार्य जयनारायण वर्मा ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि होना जनविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है।

### संडी शाला के प्रवेशोत्सव बच्चों का मुंह मीठा कराया



बेमेतरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी के परिसर में शाला प्रवेशोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास पूर्ण मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही साथ बच्चों को गणवेश वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवाराम साहू (सरपंच) द्वारा ज्ञान दायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने अपने उद्धबोधन में प्राथमिक शिक्षा को शिक्षा की नींव की संज्ञा दी है। यह बच्चों के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करती है। बच्चों में असीमित प्रतिभा छिपी रहती है। केवल उसे उजागर करने की आवश्यकता होती है। संस्था प्रमुख श्रीमती मनीषा देवांगन ने शिक्षा के अधिकार के तहत प्रदाय की जाने वाली लाभों से सभा को अवगत कराया। शिक्षक ओमनारायण साहू ने शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करने के लिए कहा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जनकराम मिर्झा, छगन साहू , तोरनलाल साहू, रविशंकर साहू, उत्तम साहू, सी ए सी राजा सिंह वर्मा,प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक लोकेश साहू,नीलेश वर्मा, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूप साहू,एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सीएम ने मेधावी छात्राओं को दिए 4 लाख रुपए और दुपहिया वाहन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिक परिवारों के होनहार बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तरीय टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाता है।



इस योजना के अंतर्गत टॉप-10 में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को 1,00,000 की प्रोत्साहन राशि एवं 1,00,000 का दोपहिया वाहन क्रय हेतु अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है, जिससे उनकी उच्च शिक्षा एवं आवागमन की सुविधा को सशक्त किया जा सके। इसी तारतम्य में सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बेमेतरा जिले की दो प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। श्रीमती अनीता साहू, पंजीकृत हितग्राही (श्रमिक) की पुत्री कु. रितु साहू, जिन्होंने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय टॉप-10 में 10वां स्थान प्राप्त किया, को 2,00,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार, श्रीमती गंगेश्वरी वर्मा, पंजीकृत श्रमिक की पुत्री कु. गीतिका वर्मा को कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में स्थान पाने के लिए 2,00,000 की सम्मान राशि प्रदान की गई। इस प्रकार जिला बेमेतरा की इन दो बेटियों ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं को कुल मिलाकर 4,00,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। यह सफलता न केवल व्यक्तिगत मेहनत की मिसाल है, बल्कि छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी योजनाओं की सकारात्मक परिणाम भी है।

## राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया कांग्रेस ने वृद्ध आश्रम में की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी के जन्म दिवस पर स्थानीय वृद्धा आश्रम जाकर वृद्ध जनों की सेवा तथा उन्हें भोजन कराया एवं राहुल गांधी के दीर्घायु होने के लिए वृद्ध जनों से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि राहुल गांधी आज भारतीय राजनीति में एकमात्र ऐसे योद्धा है जो भाजपा के धन बल एवं शासकीय संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अकेले खड़े हुए हैं जन-जन के आकांक्षा संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे योद्धा का सानिध्य हमें प्राप्त हो रहा है जो गरीबों और दलितों के हक में अपनी आवाज बुलंद करता है आज उनका जन्म दिवस है और हम सभी ईश्वर से यही कामना करते हैं कि



उन्हें दीर्घायु तथा उज्जवल भविष्य प्रदान करें इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं में ललित विश्वकर्मा, सुरेंद्र तिवारी, सुमन गोस्वामी, सनत धर दीवान ,मनोज शर्मा, शत्रुघ्न साहू, रश्मि मिश्रा, रीता पांडे ,रूबी सलूजा ,योगिता साहू ,अखिलेश मिनटा नामदेव, राजू साहू ,रवि रजक ,निलेश वैष्णव, श्रीराम यदु ,सीताराम यदु ,बलवंत साहू ,दया सिंह वर्मा ,गुरेंद्र वर्मा, तोकेश्वर साहू ,संस्कार शर्मा ,घनश्याम देवांगन, कौनैन अली, गोलू वर्मा ,राहुल जोशी ,उत्पल गायकवाड सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए मांगा वरदान

## बरगा में श्रद्धा व आस्था से मनाया गया मां शीतला जुड़वा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

ग्राम बरगा में गुरुवार परंपरागत रूप से हर वर्ष आयोजित होने वाला मां शीतला जुड़वा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन की शुरुआत भगवान सत्यनारायण व्रत कथा एवं मां शीतला देवी की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन आस्था के साथ सहभागी बने।

पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करते हुए मां शीतला का आशीर्वाद प्राप्त करना रहा। पंडित निलधर प्रसाद तिवारी द्वारा शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार करते हुए पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान पूरा



वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस धार्मिक अनुष्ठान में अरुण कुमार साहू अपनी धर्मपत्नी कंचन साहू के साथ एवं नितेश साहू अपनी धर्मपत्नी के साथ मुख्य यजमान के रूप में सहभागी बने। यजमानों द्वारा विधिपूर्वक पूजन कर मां शीतला से गांव की रक्षा, फसलों की वृद्धि, वर्षा की कृपा एवं संपूर्ण ग्रामवासियों के मंगल की कामना की गई। लक्ष्मी बंजारी सेवा समिति के द्वारा माता का सेवा भजन गाया गया।पूरे आयोजन के दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर आनंदित हुए। इस अवसर पर देवराज, थानसिंग, सोनू साहू, हेमन्त साहू ,पीलूराम साहू, अजय साहू, डाकेश साहू, भूषण साहू, दौलत यादव, मुकेश साहू, मनोज साहू, राजू साहू, भरत साहू , सेवाराम साहू, चंद्रिका साहू , राकेश अंगिरा , भोला साहू , उत्तम साहू , रूपेश साहू , नाथू राम साहू, मनीराम साहू , रमेश साहू, गंगदेव साहू, मालूराम, कुलेशवर साहू , भीखम साहू, मोनू साहू उपस्थित रहे।गौरतलब है कि बरगा ग्राम में यह आयोजन वर्षों से निरंतर परंपरा के रूप में होता आ रहा है, जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि ग्रामवासियों को एक सूत्र में जोड़ने वाला सामाजिक पर्व भी बन चुका है।

### विश्व सिकल सेल दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम

# सिकल सेल स्क्रीनिंग के बाद पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय के एम सी एच बिल्डिंग में विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ ने बताया कि इस दिवस पर प्रमुख तौर से सिकल सेल रोग के बारे में समुदाय में जागरूकता फैलाना और रोगियों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श देना जहां रहा वही संभावित रोगियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया। स्क्रीनिंग उपरांत पात्र व्यक्तियों को जेनेटिक कार्ड प्रदान किया जा रहा है इसके अलावा सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समाज में फैले भेदभाव को कम करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम,समुदाय आधारित जनसहभागिता गतिविधियाँ






आयोजित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ दीपक मीरे ने बताया यह आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को सिकल सेल रोग के बारे में जागरूक करना और पीड़ितों को समुचित चिकित्सीय सहायता प्रदान करना है। सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जो विशेषकर अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में अधिक देखा जाता है। जिला चिकित्सालय के साथ सभी स्वास्थ्य केंद्र में सिकल सेल से संबंधित निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, स्क्रीनिंग, किया जाता है जिनसे समय पर व्यक्ति में सिकल सेल की पहचान कर उपचार किया जा सके। ज्ञात हो कि विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस प्रत्येक वर्ष 19 जून को मनाया जाता है। वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसे मान्यता दी गई थी ताकि सिकल सेल रोग को एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इस सिकल सेल बीमारी की जानकारी प्राप्त करें और आवश्यकता होने पर अपनी जांच कराकर उचित परामर्श प्राप्त करें। उक्त सिकल सेल जागरूकता दिवस पर स्वास्थ्य विभाग से सीएमएचओ सह डी एच ओ डॉ अशोक बसोड़ , सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ,आर एम ओ जिला नोडल अधिकारी डॉ दीपक मीरे अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु,जिला मीडिया प्रभारी स्वास्थ्य विभाग संजय तिवारी,जिला समन्वयक गुलाब साहू के साथ चिकित्सकीय स्टॉफ, मरीजो के परिजन,आम जन उपस्थित रहे।

